भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

अरुणाचल के तेजू हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घघाटन

नई दिल्ली, 25 सितंबर, 2023 : अरुणाचल प्रदेश में तेजू हवाई अड्डे को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अधिक यात्री क्षमता का एक नया टर्मिनल भवन मिला है। माननीय केन्द्रीय नागर विमानन व इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया ने दिनांक 24 सितंबर, 2023 को श्री चौना मेईन , माननीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश एवं श्री नाकाप नालो, माननीय पर्यटन तथा नागर विमानन मंत्री, अरुणाचल प्रदेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में नवीन टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया।

नवीन टर्मिनल भवन का उद्घाटन करते हुए माननीय नागर विमानन मंत्री जी ने कहा कि यह न केवल तेजू और अरुणाचल के लोगों के लिए अपितु सम्पूर्ण भारत के नागरिकों के लिए स्वर्णिम दिवस है क्योंकि तेजू को एक नवीन उन्नत हवाई अड्डा मिल है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में नागर विमानन ऐतिहासिक विकास के दौर से गुजर रहा है क्योंकि वर्ष 2014 में 74 प्रचालित हवाई अड्डों की अपेक्षा 2014 से अब तक 75 नए हवाई अड्डे जोड़े गए हैं।

माननीय मंत्री ने उड़ान 5.0 के अंतर्गत ईटानगर से तीन सीधे हवाई मार्ग- ईटानगर से दिल्ली, ईटानगर से जोरहाट और ईटानगर से रूपसी की भी घोषणा की जो शीघ्र ही प्रचालित हो जाएंगे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने देश में हवाई अड्डों की मूलभूत अवसंरचना को उन्नत करने के अपने निरंतर प्रयास में, स्थानीय समुदाय की अत्यंत आवश्यक आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के तेजू हवाईअड्डे पर 170 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक वायु यातायात नियंत्रण सह अग्निशमन स्टेशन युक्त नवीन टर्मिनल भवन को विकसित किया है। 4000 वर्गमीटर के क्षेत्र में निर्मित, नवीन टर्मिनल भवन व्यस्ततम समय के दौरान 300 यात्रियों और प्रति वर्ष 8 लाख यात्रियों की सेवा प्रदान करने में सक्षम है।

नवीन टर्मिनल को कार्यक्षमता, दक्षता और यात्री सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए अभिकल्पित किया गया है। भवन का आंतरिक भाग शांत, सुव्यवस्थित स्थान को परिलक्षित करता है जो यात्रियों को उनकी लंबी यात्रा के तनाव से दूर एक आरामदायक स्थान प्रदान करता है। भवन के

अंदरूनी भाग स्थानीय हस्तशिल्प, चित्रकला को दर्शाते हैं और पर्यटन स्थलों का चित्रण करते हैं ।

नए टर्मिनल में सभी आधुनिक यात्री सुविधाएं जैसे वीआईपी कक्ष , भोजन और पेय काउंटर, रेस्तरां और खुदरा दुकानें हैं । नवीन टर्मिनल भवन विभिन्न संधारणीय सुविधाओं से भी सुसज्जित है।

तेजू , लोहित नदी के तट पर स्थित एक छोटा पहाड़ी शहर है, जो लोहित जिले का मुख्यालय है । यह नगर चारों ओर हरे-भरे जंगलों और घुमावदार पहाड़ियों के साथ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। नगर में विभिन्न जातीय समूहों से पूर्ण विविध आबादी है। यह नगर मिश्मी समेत विभिन्न जनजातियों का स्थान है, जिनका एक अनोखा और आकर्षक इतिहास है। तेजू अपने प्राचीन मंदिरों, जैसे कि परशुराम कुंड, के लिए भी प्रसिद्ध है, जिसे देश में हिंदुओं के सबसे पवित्र स्थलों में से एक माना जाता है। यह जनवरी माह के दौरान उत्तर पूर्व का कुंभ कहे जाने वाले परशुराम कुंड उत्सव का आयोजन करता है ।

तेजू हवाई अड्डा वर्तमान में एलायंस एयर और फ्लाईबिग एयरलाइंस द्वारा नियमित उड़ानों के माध्यम से इंफाल , डिब्रूगढ़ और गुवाहाटी से जुड़ा हुआ है । उन्नत तेजू हवाई अड्डा न केवल यात्री अनुभव में सुधार करेगा अपितु स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह हवाईअड्डा यात्रियों की सेवा करने में भी सक्षम होगा, जिससे क्षेत्र में पर्यटकों और व्यापारिक यात्रियों का आवागमन बढ़ेगा। इससे नए रोजगार के अवसर सृजित करने और स्थानीय पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में सहयोग मिलेगा ।

निगमित संचार निदेशालय, भा.वि.प्रा द्वारा जारी-
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:

महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 18/2023-24

तेजू हवाई अड्डे के
नए टर्मिनल भवन
उद्‌घाटन
तेजू विमानपत्तनस्य
नव टर्मिनल भवनस्य
उद्घाटनम्
G20
New Terminal Building
Tezu Airport

Tezu Airport, Tezu